भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1064
सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको-टूरिज्म स्थल

1064. श्री सुनील कुमार सोनी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में ईको-टूरिज्म स्थलों के रूप में चुने गए अभयारण्यों के नाम क्या हैं और इस प्रकार के चयन का आधार क्या है; और

(ख) क्या छत्तीसगढ़ राज्य के किसी अभयारण्य को ईके-टूरिज्म स्थान के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव है, क्योंकि इस राज्य में वन-क्षेत्र का प्रतिशत देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): ईको पर्यटन सहित पर्यटन के संवर्द्धन और विकास का प्राथमिक रूप से दायित्व राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय छत्तीसगढ़ सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। देश में ईको पर्यटन के विकास की संभावनाओं को स्वीकारते हुए पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत 15 थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में "इको परिपथ" को अभिज्ञात किया है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। राज्य सरकार द्वारा परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति और उनकी स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है।

ईको पर्यटन के तहत विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से पर्यटन मंत्रालय को कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत देश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

इको-टूरिज्म स्थल के सम्बन्ध में दिनांक 26.07.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. **1064** के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **(करोड़ रुपये में)**

राज्य/स्वीकृति का वर्ष	विवरण	स्वीकृत राशि
उत्तराखंड (2015-16)	टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सरैन में परिपथ का विकास।	69.17
तेलंगाना (2015-16)	महबूबनगर जिले (सोमसिला, सिंगोटम, कडलाईवनम, अक्कमहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62
केरल (2015-16)	पथानामथिट्टा- गावी- वागामोन-थेक्कडी का विकास	76.55
मिजोरम (2016-17)	आइजोल-रॉपुइचिप-खावफावप-लेंगपुई- डर्टलांग चटलांग- सकवरहमुइतुएतलांग- मुथी- बेरातलांग-तुइरियल एयरफील्ड- हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37
मध्य प्रदेश (2017-18)	गांधीसागर बांध- मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध-बरगी बांध- भेड़ाघाट-बाणसागर बांध- केन नदी का विकास।	94.61
झारखंड (2018-19)	दलमा - चांडिल- गेतालसूद- बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया- नेतरहाट का विकास	52.72

****